कांट्रेक्ट पर रखे जाते है। अगर उनकी आवश्यकता नही ंतो उनको हटा दिया जाना चाहिए बजाए इसके कि वह तनखाह के लिए बैठे रहें और आखिर में कह दिया जाए कि अब आपका टर्म समाप्त हो गया और फिर वे लटकतें रहें। कोठारी कमीशन की रिपोर्ट के मुताबिक भी टीचर्ज का ध्यान किया जाए। मै अंत में चेयरमैन साहिब यही कहना चाहूंगा कि जिस प्रकार इस सरकार के वजूद में आने पर जनता ने इसका स्वागत किया था और इन्होंने भलाई की बातें की थी उनको पूरा किया जाना चाहिए और टैक्स का कुल्हाड़ा जो गरीब किसानो पर चलाया है वह हटाना चाहिए।

चौधरी हरि सिंह (हांसी): चेयरमैन साहिब, मै आपके द्वार इस बजट पर कुछ विचार रखना चाहता हूं। जब हरियाणें मे संयुक्त दल की सरकार बनी तो हरियाणे के किसानों ने खुशी मनाई कि हमारे सिरों पर जो बीस सालों से काग्रेंस का डंडा सवार चला आ रह था उस से हमे निजात मिली है लेकिन तीन महीनों के बाद हमारे वित्त मंत्री ने जब बजट पेश किया तो इस के अन्दर दो करोउ़ बारह लाख रूपए का आबयाना टैक्स हरियाणे के गरीब किसानो पर ठोंस दिया। इस के साथ ही उनक ` डपर एक करोड़ रूप्ए के और टैक्स किसी न किसी शक्ल में ठोंस दिए गए। इस बजट को किसानें पर टैक्सों का बजट कहा जा सकता है। इसलिए मेरी राओ सरकार से प्रार्थना है कि इन टैक्सों को कम किया जाए। इस के बाद सपीकर साहिब जो सड़कोपर खर्च किया जा रहा है मै उस की तरफ आप का ध्यान दिलाना चाहता

हूं। हांसी बरवाला लिंक रोड के पिछले साल दस हजार रूपया प्रावाइड किया गया और उस के लिए आप की गवर्नमैंट ने मंजूरी भी दी है। लेकिन उस के बाद कहा कि एस्टीमेट गलत बना है उस बीस हजार रूपए का किया गयां इसी तरीके से हांसी रोड़ के लिए एक लाख और कुछ हजार रूपए का एस्टीमेट बना लेकिन दो महीने बाद पता लगा है ि कवह ऐस्टीमेट भी गलत बन गया था दो लाख का बनना था। मै निवेदन करना चाहता हूं कि अगर इस रूपए को कागजों तक ही महदूद रखना है ते मेरे ख्या लमे वह सड़के बननी मुश्किल हैं उन सड़को पर जल्दी से जल्दी काम शुरू किया जाना चाहिए। मै और ज्यादा न कहता हुआ आप से अंत में निवेदन करूंगा कि जो आप ने आबयाना टैक्स किसानों पर लगाया है उसे हटा दिया जाए। आप का शुक्रिया।

चौधरी राजेन्द्र सिंह (कैलाना): चेयरमैन साहिब चार पांच रोज से इस हाउस मे हम माननीय मेम्बरान की स्पीचे सुनते आ रहे है। तकरीबन सब मेंबरान ने आम तौर पर बहादूरगढ़ के बाई–इलैक्शन या कांग्रेस के मुताल्लिक हो अपनी स्पीचें दी है। चौधरी हरद्वारी लाल जी ने जब इस्तीफा दिया था तो उस के बाद सब ने अपना अपना जोर लगाया। यह तो होता ही है कि एक जीतता है एक हारता है। लेकिन अगर किसी को कोई शिकायत है तो उस के लिए इलैक्शन–पैटीषन का रास्ता खुला है सारी बाते बजाए यहां हाउस में कहने के वहां पर लाई जा सकती है। चौधरी हरद्वारी लाल जी ने भी चैलैंज किया था कि अगर किसी को रंज

है तो वह हाउस से बाहिर जो कुछ कहना है कहे ताकि मै उस के खिलाफ प्रेसीर्डिग्ज कर सकूं और या वह इलैक्षन पैटीशन कर लें इस लिए मै भी कहता हूं कि खहमुखाह याहं पर एक दूसरे पर कीचड़ फैकने को कोई फायदा नहीं जब कि इलैकषन पैटीश्न का रास्ता खुला है। जब हरियाण बना तो हमे उम्मीद थी कि हमारा पिंउ छूअ गया है उन स आदमियों से जो हमारी शर्म लिहाज नहीं करते थें यह कोई छिपी हुई बात नहीं है मै बिना झिझक के कह सकता हूं कि जो हमारे बडत्रे भाई थे उन्होने हमारी जरा भर भी शर्म नहीं की थी और कोई कसर नहीं छोड़ रखी थी हमें पीछे रखने में। हमे पूरा पूरा विश्वास था कि अब उन से हमार पीछा छूट जाएगा। आप बहादूरगढ़ इलैक्शन में राए मांगते रहे यह कह कर कि हम आप के लिय यह करेंगे वह करेंगे लेकिन जब यहां पर बजट स्पीच सुनी तो कोई काम की बात नहीं निकली। गवर्नमैंट चाहे किसी पार्टी की हो अगर वह अच्छे काम करती है तो हमे उस की सपोर्ट करनी चाहिए और अगर वह अच्छे काम नहीं करती तो उस के खिलाफ कहना चाहिएं। महज पार्टी के आधार पर सपोर्ट करना चाह अपोज करना कुछ माने नहीं रखता।

(Mr. deputy Speaker occupied the Chair.)

टब मै आप की मारफत इण्डस्ट्री के बारे में कुछ अर्ज करना चाहता हूं। राओ साहिब यहां बैठे है उन से मै पूछना चाहूंगा कि आप आई.टी.आई. में लड़को को ट्रेनिंग किस लिए देते है जब कि उस के ाद उन्हे कारखानेदारों ने या आप ने किसी

काम पर नहीं लगाना। दसवीं पास कर के ट्रेनिंग लेने की बजाए अगर वह खेती कर ले तो बेहतर हैं अगर आप उन को आई.टी. आई. में ट्रेनिंग देते है। तो इस चीज की भी गारंटी दो कि बाद मे काम भी देंगे या उन को रूप्या दिया जाए ताकि वह अपना काम चालू करके रोजी कमा सकें। तमाम लड़के जो ट्रेनिंग ले कर निकलते है उन में से 95 प्रतिशत बेकार फिरते है काई भी कारखाने वाला उन को लेने के लिए तैयार नहीं होता । बल्कि जो इंजीनियर्ज भी है जिन्हे ऐक्स्पीरियेस होता है उन्हे भी कारखानेदार नहीं लेते अपने किसी अनऐक्स्पीरियेस्उ आदमी को ही ले लेते हें इस लिए मै आप से निवेदन करूंगा कि आप कारखानेदारां को सख्त हिदायत करं कि वे बगैर ऐम्पलायमैंट ऐक्सचेंज की मार्फत आने वालों के किसी और को न लगाएं। यह अच्छी बात है अगर आप लड़को को पढाए लेकिन उन्हे रोजगार देने का भी प्रबंध होना चाहिए। महंत जी को इस और विशेष ध्यान देना चाहिए। दूसरी बात यह है कि देहात वालों के साथ हमारी बड़ी हमदर्दी हैं । राओ साहिब ीाी इस बात को अच्छी तरह समझते है कि जमींदारो का बजट इस तरह से नहीं होना चाहिए। मै उम्मीद करता हूं कि सरकार इस कम्पलेंट को दूर करने की कोशिश करेगी।

एक बात फिनांस मिनिस्टर साहिब से कहना चाहता हूं। तहसीलों में कई जगह तीन तीन तहसीलदार बैठे हुए है जिन्हे कोई काम ही नहीं। इसके अलावा दो नायब तहसीलदार भी होते

है जो कि बिल्कुल खाली बैठे हुए है। मै दरखास्त करता हूं कि इन्हें किसी दूसरी जगह लगाने की कोशिश करें ताकि सूबे के पैसे का ठीक ठीक इस्तेमाल हो सके ओर बचत भी हो सके। इस तरह कई दफतरों में डिप्टी सैकटरी हो सन 1950 में पहले दो–तीन ही डिप्टी सैकैटरी हुआ करते थे लेकिन अब पता नहीं कितने हो डिप्टी सैकेटरी हो गए है। इस प्रकार जो डिप्टी सैकेटरी वगैरह की पोस्टे है उन को हटाकर रूपए की बचत की जाए या जहां कोई पोस्ट हो वहां उन को लगाया जाए।

अब मै फ्लड्ज की बात करना चाहता हूं। आप कहते है कि ज्यादा अनाज पैदा करो। लेकिन तिना जमींदार कलटीवेट करते है वह फ्लड्ज खत्म कर देते हें इतना पैदा नहीं होता जिताना कि फ्लडज बहा करले जाते है। हमारे इलाका में ड्रेन नं. 4 है। उस में मिट्टी को हटाने के लिए गवर्नमैंट कहती है कि पैसा ही नहीं है। बरसात में हर सातल उस में मिट्टी भर जाती है और फ्लडज के कारण हजारों एकड़ भूमि खराब हो जाती है। सरकार इसकी रोथाम की तरफ कोई ध्यान नहीं देती। यह नं. 4 ड्रेन सोनीपत और गोहाना के इलाके की डुबोती है। गवर्नमैंट को चाहिए कि जिस इलाका में इतनी पैदावार होती है वहां बान्ध बनवा दें ताकि फसल बरबाद होने से बच सके। बड़े बड़े आफिसरां को इस के बारे में हिदायत देनी चाहिए। लेकिन आफिरस बान्ध बनान के बजाये पैसा ख लेते है।

इसके अलावा मै फिनांस मिनिस्टर साहिब से दरखास्त करूंगा कि किसानां पर से आबयाना बिलकुल खत्म कर दिया जाना चाहिए। जो किसान अनाज पैदा करता है टैक्स भी वहीं दे जान भी वही मारे यह निहायत बेइन्साफी की बात है यह टैक्स उन गरीब आदमियों पर लगया है जिन के पास थोड़ी जमीन हैं जमीन के बेसिज पर लगा दिया जिनके पास खाने के लिए रोटी नहीं कपड़ा पहनने के लिए नहीं है। रोजाना चीजो के भाव बढ़ते ही जाते है और दूसरे आपने उन पर टैक्स लगा दियां इस से तो बेचार किसान पिस जाएगा। मै गवर्नमैंट से दरखास्त करूंगा ि कइस टैक्स को उठा दे ताकि किसानों को कुछ राहत मिल सके।

श्री राम पाल सिंह (पुंडरी): डिप्टी स्पीकर साहिब यह जो करंट इयर का बजट डिस्कस हो रहा है इस पर मेरे साथ्यिां ने अपने अपने विचार पेश किये है और बहुत बातों की तरफ ध्यान दिलाया है ं लेकिन एक बात मै जरूर कहूंगाकि मेरे साथियों ने बजट तो क्या पढ़ा होगा बजट स्पीच तक भी नहीं पढ़ होगी।

श्रीमती ओम प्रभा जैनः आप दूसरों पर ऐस्पर्शन न डालें। आपको क्या मालूम कि पढ़ा है या नहीं पढ़ है?

श्री राम पाल सिंहः यह आपके ख्याल हो गया कि यह दूसरों पर ऐस्पर्शन है? कई साथियों ने अपनी स्पीय के शुरू मे कहा कि मिनिस्टरी अन–पापुलर है और यह बजट भी अनपापुलर है। जिस किसी ने भी बजट को बजट स्पीच को पढ़ होगा वह यह

नहीं कह सकता कि बजट अन पापुलर है। इससे जाहिर होता है कि जिन मेम्बरां ने स्पीच की है उन में से कइयों ने बजट को पढ़ा ही नहीं हैं। अगर कोई आदमी कोई अच्छा काम करता है तो हमें उसकी सराहना करनी चाहिये और अगर कोई ऐसी बात है जिससे किसी तबके या क्लास को कोई हार्डशिप हो तो उन्हे उसकी तरफ सरकार का ध्यान दिलाना चाहिए। अगर बजट स्पीच की अच्दी तरह से प्ए जाए तो पता लगता है कि हरियाण प्रांत की सरकार ने हरियाणा की डिवैल्पमैंट के लिए कई सरहानीय स्टैप्स उठाए है। पिछली सरकार की जो कमियां है उन को दूर करने के लिए बड़े अच्छे स्टैप्स है जि के डपयर हरियाणा अच्छी उन्नति कर सकता है।

सब से पहला स्टैप जो लिचा है वह हरिजन वैल्फेयर के लिए लिया है। आजादी मिलने के बाद यह नारा लगाया जाता था कि हरिजन वैल्फेयर के लिए अधिक से अधिक रूपया रखा जाना चाहिए। पहले तो यह नारों तक ही महदूद रहा कोई क्रिएटिव काम नहीं किए हरिजन वैल्फेयर के लिए इस बजट में जयादा से ज्यादा रूपया रख गया हैं इसके बारे मे अगर पहला स्टैप लिया ह ता हसी सरकार ने लिया है। मै इस के लिए एक इल्तजा करूंगा। जिस तरह से में खच्र करने के लिए जल्दी कदम उठाए जाने चाहिए। जो जो काम शुरू करने है वे जल्दी शुरू किये जाएं। जो पैसा खासतौर पर हरिजनों के लिए तजवीज किया गया है वह इसी के डपर खर्च किया जाए । इस के अलावा जो रूपया

एग्रीकल्यर प्रोग्राम के लिए रखा है उसके बारे में भी स्टैप्स लिए जांए ताकि एग्रीकल्चर क्लास को इन्सेंटिव मिले।

बजट में जो रूपया इंडस्ट्रियल डिवैल्पमेंट के लिए रख गया है उसे भी स्कीमों के मुताबिक जल्दी खर्च किया जाना चाहिए क्योंकि देश में टैक्निकल हैड्ज की बड़ी सख्त जरूरत है। देश में जो टैक्निकल हैड्ज की कमी है वह बाहर से मंगवा कर पूरी नहीं की जा सकती इसी मुल्क में टैक्निकल हैंड्ज तैयार किये जाने चाहिए। आई. टी. आई. स्कूल्ज के लिए इन्स्टीच्यूशन्ज के लिए बजट मे काफी प्रोवीजन रखा गया है ताकि ज्याद से ज्यादा टैक्निकल हैंड्ज अपपनी स्टेट में पैदा कर सके। इस से एक तरफ तो अनऐम्पलयमैंट का मसला हल लोता है और शिकार किए जा रहे है ंअनएम्लायमेंट खत्म की जा रही है जिसक लिए यह सरकार सराहना की पात्र हैं। पिछली दफा कुछ ऐसा इम्प्रैशन दिया जा रहा था कि शायद रोडज और विलेज रोड़ज का काफी ध्यान रखा है और उनके लिए बजट में प्रोवीजन किया है जो कि काबिले तारीफ बात हैं। फैमिन एरिया की बात आज से नहीं जबसे हरियाण सरकार बनी है तब से यह प्राब्लम हर सैशन में डिसकस होती है लेकिन इस सरकार ने उसके लिए बजट में काफी रकम उन लोगो की तरफ ध्यान दिया है जो भूख प्यास से मर रहे है। पिछले दिनों जब गवर्नर ऐड्रेस पर बहस हो रही थी तो चीफ किनिस्टर साहिब ने यहां तक कहा कि सैंट्रल गवर्नमैंट हमारे कोटा मे से अनाज की कटोती न करे हां अगर हमारे हिस्सा मे से बिहार

को देने के लिए कुछ लेना चाहे तो हम देने को तैयार है लेकिन हमारी हातल भी ठीक नहीं है जिसक मतलब है उन्हे लोगो की तकलफ का पूरा एहसास है। फैमिन एरियाज में पीने के पानी का ख्याल रख गया है और वहां वाटर सप्लाई के लिए स्पैशल प्रोवीजन किया गया है। काफी दिनों से इस बात का काफी चर्चा था कि सरकारी कमचारियों को सैंटर का डी.ए. मिलना चाहिए और टीचर्ज के बारे में कोठारी कमीशन की रिपोट्र पर अमल होना चाहिए। उसके लिए सरकार ने बड़ सराहनायोग कदम उठाया है। उसने एक कमेटी बिठा दी है औरउसे रिपोर्ट देने के लिए तीन महीने का टाईम दिया है। यह टाईम फिक्स कर देने से साफ जाहिर है कि सरकार की नीयत साफ है कि उन की जायज मांगो को माना जाए और उन को जायज रिलीफ मिलना चाहिए। इस के साथ साथ कमचारियों को फिनांशल पोजीशन टाइट होते हुए भी सैंटर का डी. ए. देने का एलान कर दिया हैं। ऐसी बातों की सरकार की हर किसी को तारीफ करनी ही चाहिएं लेकिन इसके साथ टैक्सों की तरफ ध्यान जाता है तो बहुत दूख होता है खसकर जो आबयाना बढज्ञया गया है। उस बढ़ाने के लिए बडी़ खूसूसती के साथ और मासूमियत के साथ बजट स्पीच में सिर्फ दो लफ्ज ही कह गए है कि ज्यादा नहीं सिर्फ दो लफज ही कहे गऐ है कि जयादा नहीं सिर्फ यू.पी वाले रेट्स ही लगाएंगे लेकिन मेरे ख्याल में बहूत थोड़े मेम्बरान को पता होगा कि यू.पी. के रेट्स क्या है। मै अगर आप के सामने वह रेट्स रखूं तो आपको पता लगेगा कि जो बड़ी खूबसूसरती के साथ दो लफ्ज पढ़ दिए गए है

वह इतने खूबसूरत नहीं है। मै कम्पेर करे आपको बताता हूं कि हमारे और उनके रेट्स क्या है? वह इस तरह हैः

फसल का नाम	हरियाण	यू.पी.
	पैरीनल कनाल रेट्स	
शुगरकेन	16 रूपए	32रूपए
	छूसरी कैनाल के रेट्स	
शुगरकेन	13.50	32रूपए
गार्डन वैजीटेबल्ज	8.24 रूपए	
व्हीट	8 रूपए	12 रूपए
बारले	8 रूपए	12 रूपए
टरद ग्रेनज्	7 रूपए	मालूम नहीं कर सका
अदर रबी क्राप्स	5 रूपए	9 रूपए
अदर खरीफ क्राप्स	1.50 रूपए	7 रूपए

अब आप देखें कि यह कितने खूबसूरत लफ्ज है जो स्पीच में कह दिए गए हैं कि कोई बात नहीं यू.पी. वाले रेट्स ही

लगा रहे है लेकिन अगर यह रेट्स लागू हो गए तो आप देखेंगे कि न सिर्फ रेट्स दुगने हो जाएंगे बल्कि बाज हालात में रेट्स चार गुना हो जाएंगे। इन्होने इतनी बड़ी बात को दो लफ्जों में बड़ी खूबसूरती और मासूमियत के साथ टाल दिया है। इस तरफ ध्यान देने की भारी जरूरत है। सरकार ने छोटे किसानों को भी पांच पांच एकड़ तक मालिया माफ करके रिलीफ दिया है और बहुत ज्यादा तादात में किसानों को रिलीफ पहूंचा है लेकिन इस के साथ साथ पांच एकड़ में से एक एकड़ को भी पानी लगाता है तो वहां रेट दूगना कर दिया हैं तो आप ही देख लें कि यह कैसा रिलीफ है। यह कहेंगे कि जहां छूट दी गई है उसकी भी नुक्ताचीनी करते हे लेकिन जो सही बात है वह कहनी ही चाहिए। एक तरफ तो कहते है कि हम ने मरला टैक्स माफ कर दिया और हम भी कहते है कि बडी सराहनीय बात की गई है लेकिन दूसरी तरफ उस कमी को पूरा करने के लिए दूसरों का गला दबोच लिया गया है और वाटर रेट्स बढ़ा दिए है। मै कहना चाहता हूं कि यू.पी के रेट्स अगर आपने हरियाणा पर लागू करते है तो कर तो लेकिन हाउस को यह भी एश्योर करो कि जो फैसिलिटीज वहां पर पानी की है और जिस तरह वहां पानी दिया जाता है उसी तरह आप भी देंगे ताकि हम ज्यादा फसलें उगा सकें और किसानों को पेइंग कैपैसिटी बढ़ सके। और इस बढ़ाने के लिए एक जोन तोड़ कर उहे अपनी क्राप्स यू.पी. रेट्स पर बेचने की इजाजत दी जाए। दूसरे मैं यह अर्ज करना चाहता हं कि यह टैक्स

जो किसानों के ऊपर बोझ कन ज्यूमर पर नहीं डाल सकते जिस तरह कि व्यापारी सेल्ज टैक्स का बोझ ग्राहकों पर डाल देतो है।

मुख्य मंत्रीः वे रेट्स में ऐड कर सकतें है।

श्री राम पाल सिंहः वे ऐसा नहीं कर सकते क्योंकि रेट्स बढ़ने से रोकने के लिए सिगल फूड जोन बना दिए जाते है और इस के साथ साथ सरकार भी रेट्स को बढ़ने से रोकने के लिए मारकिट में चली जाती है जिस वजह से ओपन कम्पीटीशन नहीं रहता और रेट्स नहीं बढ़ सकते ं इसके साथ साथ आप ने यह भी देख है कि अगर कीमतें ज्यादा बढ़ती है तो कैसे हाहाकार मचती है जिस से कई प्राब्लम्ज पैदा होती है सरकारी कर्मचारी ज्यादा भत्ता मांगते है वगैरा, वगैरा। प्राईसिज राईज होती जा रहीं है। हर एम्प्लाई गवर्नमैंट को कहता है कि उसकी परचेंजिंग कैपेसिटी कम हो गई है। खर्च इतना बढ़ गया है कि इतने पैसे में गुजारा नहीं कर सकते। इनकी इस मांग को सरकार स्तीकार करके इनके पैसे बढ़ा देती है जिसका असर यह होता है कि प्राईजि और हाई हो जाती है जिससे गरीब किसान भी अफैक्टिड होता है। परन्तु सरकार उसकी पेइंग कैपैसिटी को घ्यान में नहीं रखती और उसके डपर टैक्सिज दुगने बढ़ा दिए जाते है। उसके बारे में सोचना भी तो सरकार का ही काम है। (आवाज–यदि टैक्स न लगें तो सरकार को आमदनी कहां से हो) स्पीकर साहिब, कुछ आदमी कह रहे हैं कि यदि किसान पर टैक्स न लगे तो किस चीज पर टैक्स लगाया जाए।

श्री उपाध्यक्षः कवंर साहिब, टाईम हो रहा है।

श्री राम पाल सिंहः बहूत अच्छा जी। किसान के उपर और अधिक टैक्स लगाए बिना हमारे बजट में जा खसारा रह गया है उसको कैसे पूरा किया जा सकता है इस के लिए स्पीकर साहिब मैं दो तीन बातों की प्रापोजल रखता हूं। सब से पहले तो अगर आप कहीं भी चले जाएं और घूम फिर कर किसी अप–टू–डेट आदमी से उसकी तारीफ पूंछे तो वह अपने आप को इन्स्पैक्टर बताएगां फिर वहां इस तरह का एक आदमी नहीं कई एक आदमी होंगे। कहने का मतलब यह कि इन्स्पैक्टरों की इतनी बढ़ौतरी होती जा रही है जिसका कोई हिसाब नहीं। मिसाल के तौर पर एक शाप इन्स्पैक्टर है और एक वेट्स एंड मैयर इन्स्पैक्टर है। दोनों का काम क्या है? उसके भी गांव में जाकर दूकानदार के तकडी़ बट्टे देखने होते है और उसने भी। तो क्या एक इन्स्पैक्टर काम नहीं कर सकता? क्यों न एक आदमी को हटा दिया जाए और एक आदमी उस काम को करें? क्या स्टेट की इससे इन्कम में बढ़ोतारी होगी या नहीं? यदि हां तो इस तरफ स्टेट को घ्यान देना चाहिएं

दूसरी चीज आप क सकते है आप हैती एडमिनिस्ट्रेशन में कमी। यह मरी बात नहीं बल्कि यहां एक कमीशन बैठा था जिस ने अपनी रिपोर्ट दी थी कि " Top heavy administration at the Secretariat level and District level should be retrenched." इन बातों को कहने के लिए मुझे जो हाई रैकिंग या आई. ए. एस.

आफिसर्ज है और खासकर सैकेटरीज है माफ करेंगे। मुझसे यदि यह पूछा जाऐ कि सैकेटरीज कितने है ऐडिशनल सैकेट्ररीज कितने है और असस्टिेंट सैकेटरीज कितने है तो मुझे तो यह भी नहीं पता। इतने जयादा स्टाफ के कारण दो दिक्कतें हमें है। एक तो यह कि स्टेट पर फाइनैन्शनल बर्डन ज्यादा है। दूसरे काम में देरी बहूत होती है। एक कागज को इन सब के थ्रू गुजरने में लगभग एक साल कम से कम लगता है। तो इस के लिए मैं राओ साहिब से रिक्वैस्ट करूंगा ि कवे सैंट्रल गवर्नमैंट से कहें कि इतने ज्यादा आफिसर्ज हमारे बजट पर बहुत ज्यादा बर्डन है इसलिए हमारी जरूरत के अनुसार इतने हमें देदिए जाएं और बाकी वापिस बुला लिए जाएं ।तो इस तरह से भी फाइनैन्शनल इकानोमी हो सकती है।

तीसरी चीज जो मैं कहूगा वह यह है कि नसैसिटी पर तो आप टैक्स बढ़ाते जा रहे है परन्तु लग्जरीज की जो चीजें है उन पर आप टैक्स नहीं बढ़ाते। लग्जरीज को आम आदमी न खरीद कर बहुत अमीर व्यक्ति ही खरीदता है। इसलिए यदि इन चीजों पर आम जरूरत की चीजों की अपेक्षा टैक्स लगाएं जाएं तो सरकार की इन्कम इनक्रीज हो सकती है।

इन्कम को और जयादा बढ़ाने के लिए मैं एक और प्रोपोजल देना चाहूंगा। शायद आपको अच्छी लगे या न लगें और शायद जिनकी इन्कम ज्यादा है जो बहूत पैसे वाले लोग है धनाढ्य व्यक्ति है उन को यह बात बहुत ही बुरी लगे। परन्तु चाहे

कुछ भी हो मेरा यक एक क्ष्याल है और यदि इसे अमली जामा पहनाया जाए तो यह एक वरदान सिद्व होगा। बात यह है कि हमें इन्कम की कोई न कोई लिमिट फिक्स करनी चाहिए। लिमिट आप चाहे तीस हजार फिक्स करें, चाहे चालीस हजार करें या याहे पचास हजार करें। इस लिमिट से ज्यादा जिसकी इकम हो उसके अदर सरकार अपनी पच्चीस फीसदी शेयर रखे। इस तरह से स्टेट को करोड़ो रूप्ये की आदमदी हो सकती है क्योंकि इस वक्त स्टेट में करोड़ो रूप्या कमाने वाले लोग बैठे है....

मुख्य मंत्रीः वे सरकार को बहुत ज्यादा इन्कम टैक्स देते है।

श्री राम पाल सिंहः ठीक है कि वे इन्कम टैक्स देते है परन्तु इन्कम टैक्स देने के बाद भी करोड़ो रूपये की इन्कम उन को होती हैं तो , स्पीकर साहिब, मै अर्ज कर रहा थ कि यदि इस तरह सेहोजाए तो गरब लोगो को बहुत राहत मिल सकती है और उनकी पेइंग कैपेसिटी भी बढ़ सकती है।

आखिर में, मै डिप्टी स्पीकर साहिब, कुरूक्षेत्रा युनिवर्सिटी के विकास के लिए जो लैंड रेवेन्यू पर एक साल के लिए टैम्परेरी सरचार्ज लगाया गया है उसके बारे में डिटेल्ज में न जाता हुआ थोड़ा सा अर्ज करूंगा क्योंकि हमारे यहां पहले ही लैंड रैवेन्यू ज्यादा है। यहां पर यह तो कह दिया जाता है कि हमारे यहां लैंड रैवेन्यू बाकी स्टेट्स के मुताबिक नहीं है परनतु यदि इसे

निकालकर देखें तो पला चल सकता है। फिर, यह ठीक है कि कुरूक्षेत्र युनिर्वसिटी का विकास होना चाहिए, परन्तु इस बात का भी तो जायजा लेना चाहिए कि जिन लोगों से यह टैकस लियजाता है उनके कितने बच्चे वहां एजुकेशन पा रहे हैं यदि उनके बच्चों को वहां शिक्षा पाने की फैसिलिटी नहीं मिलती तो उन पर टैक्स क्यों लगाया जा रहा है?

इन शब्दों के साथ, डिप्टी साहिब मै सरकार से आखिर मेंइल्तजा करूंगा कि बढती हुई कीमतों को ध्यान में रखते हुए गल्ले की कमी को देखते हुए किसान के उपर यह जो उेडीशनल न बरदाश्त होने वाला बोझ लादा जा रहा है इसको मेहरबानी करके न लादे और इसको रीकन्सिडर करें। मैं उम्मीद करता हूं कि कल ही इस बात का फैसला करे हाउस में चीफ मिनिस्टर साहिब या फाइनैन्स मिनिस्टर साहिब एलान करेंगे कि उन लोगों को कितनी राहत दी जानी है।

श्री राम प्रकाश (छछरौली, एस. सी.): डिप्टी स्पीकर साहि, राओ साहिब यहां है नहीं मै उन को मुबारिबबाद देना चाहता थ िकइस जट की स्पीच को पढ़ कर इतनी मायूसी हुई जिसको बयान करना कठीन है क्योंकि इस बजट में बैकवर्ड इलाकेां के लिए कोई तरक्की की बात नहीं रखी गई। डिप्टी स्पीकर सहिब गवर्नमैंट्स बनती है टूटती है लेकिन जनता वहीं की वहीं रहती है। मै तो इस बात के हम में हूं कि चाहे कोई सरकार आए उसका साथ देना सभी एम.एल.ए. साहिबान का फर्ज हो जाता

है। मै भी हमेशा सरकार के साथ को–आप्रेट करता आया हूं लेकिन जब किसी कंस्टीच्युएंसी या इलाके के साथ एक सौतेली मां का सलूक किया जाता है तो उस वक्त को–आप्रेशन की बात नहीं रहती लड़ाई हो जाती है डायरैक्ट। हमारा इलाका छछराली इतन बैकवर्ड है कि वहां के न जाने कितने लोगों ने आज तक रेल नहीं देखी है। वहां पर पानी पीने के लिए एक एक मील से पानी लाना पड़ता है। वह इलाका इतना जंगली है कि वहां के लोगों को जंगलियों में शुमार किया जा सकता है। मैं भी उन्ही का प्रेजेंटेटिव हूं और अगर दौलता साहिब होते तो मैं कहता कि वह मिनिस्टर भी बैकवर्ड होने के नाते जंगली है। लेकिन खेर मेरे कहने का सिर्फ इतना मतलब है और कुछ नहीं कि वह इलाका बहु ही पिछड़ा हुआ हे। और तिस पर भी उस के साथ सौतेली मां का सलूक हो रहा है। मैने ज्वायंट पंजाब में भी उस वक्त की सरकार के सामे यह बात रखी थी कि हरियाणे में उसे शामिल करके हमारी डिवैल्पमैंट की तरफ ध्यान दो या पंजाब में शामिल करके इसकी तरफ ध्यान दो। सरदार लछमन सिंह ने कह थ कि अम्बाला जिले को पंजाब में कभी गिना गया और न हरियाणें में ही समझा गया और इस तरह उसकी डिवैल्पमैंट नहीं हो सकी। तों मै कह रहा था कि उस वक्त भी गवर्नमैंट ने मेरी बात पर ध्यान नहीं दिया था और सारा का सारा बजट या तो हरियाणे मे रोहतक को चला जाता था या फिर पंजाब को चला जातागि और इस तरह से हमारे इलाके को तरक्की नहीं हो सकी।

मैं, जनाब एक अपने इलाके में सड़क बन री हथी उसकी तरफ ध्यान दिलाना चाहता हूं। वहां पर एक मिनिस्टर जाते है, खुदा ने गंजे ाके नाखून दे दिए, एस मिनिस्टर ने वाहां जाकर उस सड़क को इस लिए रूकवा दिया ि कवह मेरे इलाके में बन रही थी।

उपमन्त्री (श्री राम प्रसाद): यह बिल्कुल झूठ है। मैनें कोई सड़क नहीं रूकवाई। बल्किी मैने चीफ इंजीनियर को पूछा भी तो उन्होने जवाब दिया कि नहीं ऐसी बात नहीं

श्री राम प्रकाशः यह, जानाब झूठ बोलता है। वह सड़क बंद पड़ी है।

उपमंत्रीः जनाब यह झूठ बोल रहा है।

श्री राम प्रकाशः शट अप, सिट डाउन बगर।

सिंचाई मंत्रीः जनाब डिप्टी स्पीकर साहिब, या तो यह शब्द वापस करवाइए वरना इस तरफ से भी जवाब दिया जाएगा और इससे बढ़ कर दिया जाएगा।

श्री उपाध्यक्षः श्री रमा प्रकाश जी अपने शब्द वापस लिजिए।

श्री दया कृष्णः जनाब, डिप्टी मिनिस्टर ने इस तरह से प्वायंट आफ आर्डर उठाया कि उन्होने प्रोबोक कर दिय।

श्री उपाध्यक्षः राम प्रकाश जी, इस तरह से हाउस की डिग्निटी खराब नहीं होने दी जाएगी। आप अपने शब्द वापिस लें

श्री राम प्रकाशः मैनें तो वापिस ले लिए लेकिन आप इनके मुंह में भी तो लगाम लगाएं। जनाब मैने यही का था ि कवह सड़क बन्द हो गई और यह हकीकत हैं जनाब मै यही इस सरकार से और इसके मिनिस्टरों से निवेदन करना चाहता हूं कि किन्हीं जजबात में आकर जो डिवैल्पमैंट के काम जहां भी हो रहे है वह बन्द नहीं किए जाने चाहिएं। आप ने देख कि जब हिनदुस्तान और पाकिस्तान की लड़ाई हुई तो सारा हिन्दूस्तान एक हुआ और आपस में पूरी कोआप्रेशन से लड़ाई लड़ी और मामयाबी हासिल की। मैंभी इनहे पूरा यकीन दिलाना चाहिमा हूं कि अगर हरियाण की बेहतरी की बात यह सोचेंगे तारे मैं पूरा पूरा इनके साथ कोआप्रेट करंगा और राम प्रकाश इस प्रदेश की डिवैल्पमेंट के लिए अपनी जान की बाजी भी लगा दें

(Mr. Speaker occupied the Chair)

ज्नाब स्पीकर साहिब इस गवर्नमैंट का हाल यह है कि एक आदमी जो राजी है उसको इतना खिलाते है ि कवह खा नहीं सकता अैर दूसरी और जो भूखा है उसको इतना भूखा रखते है ि कवह मर ही जाए। ऐसे कारमों से प्रदेश नहीं बना करता।

मैं स्कूलों के अपग्रेडेशन के बारे में बतलाना चाहता हूं कि एक एक तहसील में 11–11, 12–12, स्कूल अपग्रेड किए मगर

हमारे यहां के लिए 112 मेंसे एक का भी नम्बर नहीं आया। यह इस गवर्नमैंट का सौतेली मां का सलूक है जो हमारे इलाके के साथ हो रहा हौ। मै अपने वित्त मंत्री जिनक लिए मेरे दिल में बहुत इज्जत है और राओ साहिब से जो यहां नहीं है निवेदन करूंगा कि इलाके के बेसिज पर किसी भी कांस्टीच्युएंसी के साथ चाहे वह किसी मेम्बर से ताल्लुक रखती हो, सौतेली मां का सलूक नहीं होना चाहिए। हमारे यहां के स्कूल भी अपग्रेह हो सकते थे लेकिन अफसोस है कि एक भी स्कूल अपग्रेड नहीं किया। यहां वजीर तालीम इस वक्त नहीं है–– जब यहां आऐंगे तो बतलाऊंगा। अब में कुछ मैउिकल हैल्थ के बारे में कहना चाहता हूं। गवर्नमैंट ने 100 नई आयुर्वेदिक डिस्पैंसरीज खोलने का एलान किया है। मैं गुजारिश करूंगा कि यह वहां खली जानी चाहिएं जहां पर पहले डिस्पैंसरीज नहीं है। मरे इलाके में मंगलौर और धनैरा वगैरह जो जगहें है वहां पर न कोई सड़क है न की डिस्पैंसरी है। इस कलए उनक ा ख्याल रखा जाए। शोडूल्ड कास्ट्स के लिए सरकार ने जो रूपए का प्रोवीजन किया है मै उसके लिए सरकार को बधाई देता हूं। लेकिन अगर उस रूपए को खर्च नहीं किया जाता तो उसका कोई फायदा नही ंहम ने देखा है कि मार्च से अब तक के लिए जो बजट पास किया था उस में चौबीस लाख रूपया हरिजनों के लिए रखा था। लेकिन अफसोस की बात है कि उस में से अभी तक एक पैसा भी खर्च नहीं हुआ। मैं सरकार से रिक्वैस्अ करूंगा ि कइस रकम को हरिजनों के उपर खर्च किया जाए जो आप ने मंजूर कर रखी है।

Mr. Speaker: Please resume your seat now.

श्री राम प्रकाशः स्पीकर साहिब, मुझे आप पांच मिनट और दे दें अब मै फ्लड के बारे में अर्ज करूंगां मेरे भाइयों ने काह कि पंद्रह दिन के बाद फ्लड शुरू हो जाएंगे। स्जीकर साहिब, सारे हरियाणे को फलड से बचाने के लिए मै अपनी गवर्नमैंट को सजेशन दूंगा कि मेरे हलके में मारण्डा, टांगर, जांतांग और दो और नदियां है। अगर उनके ऊपर बन्ध बांध दिय जाऐ तो सारी प्राब्लम हल हो जाएगी और जो हर साल आप करोड़ो रूप्ए की रकम रिलीफ के लिए देते है वह भी बच जाएगी। खिजराबाद के उस पास जोरों की फसल बहूत होती है वहां पर अगर गत्ता मिल लगा दी जाए जाए को काफी फायदा हो सकता है। मै। अपनी सरकार को यकीन दिलाता हूं कि सरकार जो भी भलाई के काम करेगी हम अपनी तरफ से पूरी कोआप्रेशन देंगे लेकिन अगर हमारे साथ सौतेली मां का सलूक किया जाएगा तो वह बरदाश्त नीं करेंगें।

स्पीकर साहिब, देहातें में जो मुजारे है उन से जमीनें छूड़ाने के लिए लैंडलार्ड्ज उनक ऊपर झूठे दावे कर देतो है कि इन्होने हमें बटाई नहीं दी, क्योंकि बटाई लेते वक्त उन्हे कोई रसीद वगैरह जमींदार लोग नहीं देतें तो नतीजा यह होता है कि बेचारे गरीब मुजारों के खिलाफ डिगरी हो जाती है और उन्हे बेदखल कर दिया जाता है। मै निवेदन करूंगा कि अगर मुजारे के खिलाफ कहीं बटाई वगैरा का दावा किया जाए तो सरपंच या गांव

के किसी मुअजिज आदमी की गवाही पर उको खारिज कर दिया जाना चाहिएं अगर आप ने अनाज की पैदावार बढ़ानी है तो आप को मुजारेां को प्रोटैक्शन लाजमी तैर पर देनी चाहिए। बस इतना कह कर मै आप का धन्यवाद करता हूं।

चौधरी जगदीश चंद्र (शाहाबाद) : स्पीकर साहिब, बजट पर हस हो रही है। बहूत सी बातों में कांग्रेस और जन संघ के नाम से चुहलबबाजी होती रहीं इस में मै नहीं जाना चाहता। मै एक दो बातें पहले इस बजट पर कहूंगा। मेरे ख्याल में महंगाई का सब से बड़ असर जो सूबे में है उसका इस स्टेट के बजट पर भी असर है। रोजाना कमचारियों की मांग आती है कि हमारा डी. ए. बढ़ओ, कहीं कालेज और स्कूल टीचर पैसे मांगते है। तो सरकार के सामन इस तरह की कई प्रालम्ज पेश आ रही है। और सरकार मेरे ख्याल में मुश्किल में फंसी हुई है। इस लिए अगर इस प्राब्लम का कोई परमानैंट हल न सोचा गया तो यह सरकार या कोई और सरकार भी कामयाब नहीं हो सकती क्योंकि आप कहां तक ही.ए. और ग्रेड दे सकते है, पैसे कहीं दत से तो गिरेंगे नहीं। पेसे लैने का सरकार के पस सिर्फ एक ही तरीका है और वह है टैक्सिज लगाने का। ऐसे हालात में मै सरकार की बुराई नहीं करता क्योंकि यह तकलीफ में फंसे हुए है। इनके पास सिवाय टैक्स लगाने के पैसे लेने का और कोई तरीका नहीं है। अब सवाल यह है कि मंहगाई क्यों है और यह किस तरह दूर हो। पहले हमें इस के कारण सोया चाहिए। मेरा ख्याल है भाव ज्यादा

होने का यह कारण नहीं है कि हमारे यहां किसी किस्म की कमी है। यह गलत बात है कि हमारे यहां कोई कमी है। मैं सबूत पेश करता हूं इस बात का। गवर्नर साहिब के भाषण के सफा छः पर लिख हुआ है '' गो दो साल से सूबे के एन्दर बारिश नहीं हुई जिस की वजह से मारू फसले तबाह हूई है फिर भी पैदावार में दस प्रतिशत का इजाफा हुआ है'' इससे पिछले भाषण में और बजट स्पीचों में भी अगर आप देखें तो साल दर साल इजाफा दिखया जाता रहा है। और अर आप एग्रीकल्चर डिपार्टमैंट की रिपोर्ट पढ़े तो वह आप को बहुत प्रोग्रैसिव मिलेगी। ऐग्रीकल्चर डिपाटैमैंट ने कभी भी अपनी रिपोर्ट में यह नहीं लिख कि अनाज की पैदावार कम हुई है। जब सब मानते है कि हमारे यहां अनाज की पैदावार साल दर साल बढ़ी है तो फिर कमी क्यों है। उसका यह भी कारण हो सकता था कि शायद सूबे से बाहिर न गया हो। लेकिन सूबे मे पाबन्दी थी इस लिए बाहिर जाने का सवाल ही पैदा नहीं होता तो फिर रेट ज्यादा क्यों है?

श्री अध्यक्षः अब बच्चें ज्यादा तादाद से बढ़ रहे है।

चौधरी जगदीश चन्द्रः नहीं जी, बच्चों की निसत अनाज की पैदावार जयादा बड़ी है। अनाज काफी है इस मसले को हल करने का तरीका तो यह है कि सारेहिन्दुसतान के लिए पाबन्दी तोड दी जाए और वचापारियों को खुल दे दी जाए कि जाहं कोई मुनाफा हो वहां अपना माल ले जाएं लेकिन यह काम स्पीकर साहिब सैंट्रल सरकार के दखल से ही हो सकता है। मै

1948 की मिसाल आप के सामने रखना चाहता हूं। उन दिनों खांड की दिक्कत आज से भी ज्यादा थी। उस वक्त के मिनिसटर लेट री किदवई ने विविल सप्लाईज के अफसरान की मर्जी के खिलफ जिद करे कंट्रोल तोड़ दिया था तो एक दम बाजारों में खंड के ढेर लग गए थे। रिफयूजी लोग जितनी कीमत पर लाते थे उतनी कीमत पर ही बेच देते थे और खाली बोरियों के पैसे बचा लेते थे। तो इस तरह कीमतें एक दम नीचे आ गई थीं। तो स्पीकर साहिब जब सरकारी रिपोर्टों के मुताबिक पैदावार बढ़ी है और सूबे से बाहिर भी नहीं जाती तो कमी क्यों पेश आ रहीं है। उस के जिम्मदार जखीर अंदोज हे। जब किसान अपनी प्रोड्यूस मण्डियों में लाता है तो वहां से वह बड़े बड़े सेठो के कोठों मे चली जाती है। फिर मार्किट में सप्लाई कम हो जाती है। जब सप्लाइ कम हो और डिमांड ज्यादा हो तो महंगाई बढ़ जाती है। मैं बढ़ती हुई महंगाई की तरफ सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं सारे सूबे में महंगाई दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। सब से पहले हमें यह सोचना चाहिए कि मंहगाई क्यों बढ़ी । जो बड़े बड़े सरमायेदार है उन्होने अनाज के जखीरे बना रखे है। अगर यह सरकार कोई दिलेरी का काम करना चाहती तो उन जखीरेदरों को पकड़े और उन्हे उचित सजा दे, लेकिन ऐसा काम सरकार नहीं करती। जखीरेदारों को पकड़ कर महंगाई का मसला काफी हद तक हल हो जाएगा। संयुक्त पंजाब में गवर्नर श्री धर्मवीर को इस के बारे में कुछ करने का साहस हुआ था, उन्होने बड़े सराहनीय कदम उठाये थे लेकिन ब्लैक मार्किटंग करने वाले बड़े होशियार

निकले। उन्होने श्री धर्मवीर का कदम कामयाब नहीं होने दिया और सैंट्रल गवर्नमै।ट साहिब को अपने केस वापिस लेने पड़ें यह बात सही है कि जखरीरेबाजी के कारण ही यह मंहगाई हुई है। सरकार को इसकी तरफ ध्यान देना चाहिए अैर जखीरेअंदाजी का किला तोड़ने की हर मुमकिन कोशिश करनी चाहिये। जब तक यह काम पूरा नहीं होगा सरकार अपने कमचारियों का खर्चा बढ़ाकर भी सन्तोष नहीं कर पायेगी। इसलिए मेरा सुझाव है कि सरकार दलेरी के साथ जखरीबाजी का को खत्म करे। जखीरेबाजी का ज्यादातर जोर शहरों में है। मेरे जनसंघी भाइयों का इन में ज्यादा हाथ होता है। चूंकि जखीरेबाजों का जोर शहरों में ज्यादा होता है तो जब कोई जखीरेदार पकड़ा जाता है तो जनसंघी भाई सरकार के पास उन्प्हें छुडवाने के लिए आ जाते है और उन्हे सजा नहीं मिल पाती। इसलिए जनसंघी भाई जो कि मिनिस्ट्री के नजदीक है, उन्हें चाहिए कि दिलेरी से काम लें।

इसके अलाता इस काम को सफल बनाने के लिए सरकारी कर्मचारियों के बिना काम नहीं चलेगा। जो बड़े बड़े सैक्रेटरी है ये आप को काम नहीं दे सकते। पिछले दिनों सरकार ने सरकारी कर्मचारियों का डी.ए. बढाने के सम्बन्ध में यह बयान दे दिया कि जिसका खर्च नहीं चलता वह किसी दूसरे सूबे मे चला जाए। यह ठीक है– जो कबिल आदमी है वे दूसरी जगह जाने लगेंगे अगर उन्हे पूरी सहूलतें न मिली। लेकिन मै एक बात जरूर कहूंगा कि आप यह न भूले कि सरकारी कर्मचारियों के बिना क्या

आपका काम चल सकेगा? जो अपने काम में माहिर है अगर वे कहीं दूसरी जगह चले गये तो आप फेल हो जाएंगें मेरा ख्याल है कि आप जल्दी ही फेल हो रहे है।

दूसरी बात मै बजट के सम्बन्ध में कहना चाहता हूं जो कि आपने टैक्स लगाये है। इन टैक्सों के अलावा अगर उधर टैक्स लगा दें जिससे जींदारों पर कोई बोझ नहीं पड़ता तो मेरा ख्याल है सरकार को अच्दी आमदनी हो सकती है और जनता में भी कोई रोष नहीं होगा। जैसे हरियाणा प्रांत में रोहतक में पशु बहुत होता है और यहां से ाारी तादाद में पशु बाहिर भेजा जाता है। अगर बाहिर जाने वाले पशु पर पांच रूपये टैक्स लगा दे ंतो बाहिर से पैसा आने लगेगा। अगर ऐसा टैक्स लगाएंगे तो आप की ऐनिमल हसबैंउरी का खर्च इससे ही पूरा हो सकता है। इस तरह से गरीब लोगों पर बोझ नहीं पड़ेगा और सरकार का काम भी चल पड़ेा। ऐनिमल हसबैंडरी में हजारों रूप्यों की मशीनें रखी हुई है और इन मशीनों से अच्छे सांड पैदा करने में हम दूसरे मुल्कों की नकल करते है जबकि हमारे रोहतक के सांड सब जगह मशहूर है। यह कोई जरूरी नहीं है कि हम दूसरों की नकल करें और हजारों–लाखों रूपया ऐसी स्कीमों पर बरबाद करें। इसलिए मै सरकार से गुजारिश करूंगा कि ऐसी मशीने फार्मो से हटा दी जानी चाहिए जिन पर देश का रूप्या फिजूल में खर्च होता है।

तीसरी बात मै बलाक्स के बारे में अर्ज करना चाहता हूं। यह गवर्नमैंट आफ इंडिया से फाइनेस्ड होता है लेकिन मैं

समझता हूं कि यह आजकल बिल्कुल फेल हो चुका है। यह बिल्कुल वाहियात चीज है। इन में कोई डिवैल्पमैंट का काम नहीं होता। हमारे जिला में शाहबाद ब्लाक हैं वहां दफ्तर भी है हर तरीके से डिवैल्पमेंट हुई है और म्युनिस्पिल एरिया में भी डिवैल्पमैंट हुई है लेकिन यह उसको ज्यूरिसडिक्शन से बाहर है। इसी तरह नीलोखेड़ी और कैथल वगैरह ब्लाक है। देहातों में बड़े बड़े गांव है उन में ब्लाक्स के कर्मचारी मिक्सअप ही नहीं होते। बी.डी.ओं को तो कोई जानता ही नहीं, ग्राम सेवक कभी कभी दौरे करते रहते हैं। इसलिए मैं दरखास्त करता हूं कि ब्लाक का महकमा बिल्कुल वाहियात है। यह फेल हो चुका है। (घंटी)

श्री अध्यक्षः चौधरी साहिब, आपका टाईम हो गया है।

चौधरी जगदीश चन्द्रः स्पीकर साहिब मै अभी खत्म करता हूं। मैं कहना चाहता हूं कि ब्लाक का जो सिस्टम है वह तहसीलदार के सुप्रर्द किया जाए ताकि जो फजूल खर्च है वह बच जाएं टाईम हो गया है इसलिए मै आपके सामने कुछ सुझाव रखूंगा।

यह जा आप प्लैन्ज बनाते है उन में सब स्कीमें को छोड़ कर तीन स्कीमें होनी चाहिएं– सब से पहले एग्रीकल्चरकी तरक्की के स्कीम हो जिससे हमें खाने के लिय`रोटी और पहनने के लिए कपड़ा मिलता है। दूसरी स्कीम सड़को की तरक्की के लिए हो जिससे लोग बिजनैस बगैरा कर सकें और तीसरी स्कीम

ऐजुकेशन की होनी चाहिए। ऐजुकेशन लड़के और लड़कियों दोनो को प्रापर दी जानी चाहिए। हरियाणा प्रांत गर्ल्ज एजुकेशन के लिहाज से निल है। मैने स्कूलों में देखा कि दो दो बजे जब बस का टाईमा देख बच्चे स्कूलो से उठकर आ जाते है। इसलिए मेरा सुझाव यह है कि इन तीनों स्कीमों की तरफ सरकार फौरी तौर पर ध्यान दें फजूल की चीजों को एक तरफ छोड़ कर मुख्य पहलुओं की तरफ ध्यान दें (एक मेम्बर की तरफ) आप मन में बड़े खुश हो रहे हैं और अपने मुंह मियां मिट्ठू बन रहे है। बजट ऐसा ही हुआ करता है। सब गवर्नमैंट्स के बजट ऐसे ही होते हैं अगर आप सीरियसली सोंचे तो फजूल चीजों को छोड़ दें और जो अच्दी चीजे है उन्हे ले लें।

(6.00 P.M.)

श्री केसरा राम (डबवाली, एस.सी): स्पीकर साहिब, मैं आप का मशकूर हूं जो आपने मुझे बोलने के लिए टाईम दिया है। आज बजट पर चर्चा हो रही है.....

एक आवाजः कोई शेर ही पढ़ दे।

श्री केसरा रामः मन्जरे तस्वीर दरदें दिल मिटा सकता नहीं।

आईना पानी तो रखता है पानी पिला सकता नहीं।

एक दो बातें देख कर मुझे बड़ा दूख हुआ है। आज देश में अन्न की बड़ी भारी कमी है लेकिन मुझे दूख के साथ कहना पड़ता है कि मै इन को पिछले 15 साल से अन्न की पैदावार बढ़ाने के बारे में तजवीजें देता आ रहा हूं मगर यह गौर नहीं करतें दरअसल यह ला कि किताब पढ़े है अल्ला की किताब नहीं पढ़े है। ला से तो जेब कतरा बनता है और वकील बन कर जेबें कतरनी शुरू कर देते है वह भी किसान की जो अन्न पैदा करता है। (विघ्न) मै कहता हूं कि ला से कुछ नहीं बनेगा। अगर रोटी खानी है तो ला की बजाए अल्ला की किताब पढ़ो। यह अन्न न प्रभाकर पैदा कर सकता है न वकील और अगर अन्न कोई पैदा कर सकता है तो वह दलीप सिंह और केसरा राम पैदा कर सकता है। बच्चों के कान पकड़ कर पैसे लेने वाला क्या अन्न पैदा करेगा। एक बात का मुझे बड़ दूख हुआ कि अन्न पैदा कने वाले किसान पर टैक्स लगा या बढ़ा दिया। स्पीकर साहिब, आप भी इस तबका से ताल्लुक रखते है और उनकी सारी हालत को जानते है। किसान के तो पहले ही दसों दुश्मान कुदरत की तरफ से है। सब से पहले चुहा आता है जब किसान बोता है। उसके बाद जब फसल मुंह को आती है तो बीसियों किस्म के खतरे टिडियां सुडिंया आती है फिर हवा आती है खुश्की आती है और उसके बाद पटवारी आता है।(हंसी) यह भी एक बीमारी है जो किसान को लगी हुई हैं। मै अर्ज करता हूं कि किसान जिस देश का कमजोर है वह देश भी कमजोर ही रहता है मजबूत नहीं हो सकता। किसान को यह नह समझो ि कवह देहाती है लेकिन याद रखो

कि जब तक किसान ऊंचा नहीं उठेगा तब तक यह ला वाले भी भटकते फिरेंगे, खाने को नहीं मिलेगा। वह तो ब्लैक कर लेते है मंगल सैन जी के ट्रक जाते है.....

श्री मंगल सैनः बेइमान आप होंगे, गल्तबयानी बंद करे और यह लफ्ज वापिस लें।

श्री केसर रामः चलो वापस ले लेता हूं। मै अर्ज कर रहा था कि अगर किसान ऊंचा उठेगा, उसे पानी, खाद बीज मिलेगा तभी वह मिट्टी से मिट्टी बनकर दाना पैदा करके आप के खाने को लाएगा और अनाज मंडी में आएगा लेकिन आज उस अनाज पेदा करने वाले किसान पर 14 किस्म के टैक्स है, मालिया है, बैटरमैंट टैक्स है और फिर खुश हैसियती टैक्स है। उसके बाद फिर उस गरीब पर कामर्शियल क्रापस टैक्स ठोका हुआ है। अब कहते हे कि यू.पी. के तर्ज पर टैकस लगाएंगे जिस बे बारे में भाई राम पाल जी ने बता दिया है और किसी को कोई पता नहीं कि यू.पी में क्या आफत है जो हम पर लादी जानी है। मै इन से कहता हूं कि अगर हरियाणा को खुशहाल बनाना चाहते हे तो किसान को खुशहाल बनाओ लेकिन एक तरफ तो आप किसान को मदद देने की बात करते है और दूसरी तरफ उस पर टैक्सों का इतना बोझ लाद रहें हे कि उसकी कमर टूट गई और अ बवह चल भी नहीं सकता हैं। अगर उसकी मदद करनी है तो पानी दो, बजी और खाद सस्ते दो और यह बैटरमैंट लैवी खत्म करो। यह बैटरमैंट की भी अजीब बात हैं। बैटरमैंट और खुशहैसीती दोनो

एक ही चीजें है लेकिन दो नाम दे कर दो टैक्स लगा दिए है। 10 रूपया बैटयमैंट और पांच रूपया खुश हैसीयती टैक्स। इस बैटरमैंट की 1855 से ले कर 24 किस्तें भर दी है, अब तो खत्म करों। हर दफा इन से पूछते है कि भाई हमें इनक ा हिसाब तो समझा दो लेकिन शहर वालों ने हमारी बहींया ही छुपा ली है और कोई हिसाब किताब नहीं करते। मै आप से कहता हूं कि अगर किसान की अनाज पैदा करने की ताकत न रही तो यह अन्न की कमी कौन पूरी करेगा और यह महंगाई कैसे दूर होगी? इस कमी को न डाक्टर साहिब पूरा कर सकते है न कोई कारखानेदार कर सकता है और न ही कोई सरकारी मशीनरी कर सकती है। यह अनाज तो किसान के खेत में ही पैदा होगां इस लिए मैं अर्ज करता हूं कि खेत में काम करने वाले की होसलाअफजाई करें अगर आप ने देश की भूख मिटानी हैं। और आप नए नए टैक्स लगा कर उसकी कमर न तोड़े। आप इन्तकामी भावना से काम न करं जिस तरह कि आप ने इस 21 मई के चुनाव के बाद कई लोगों के मोघे बन्द कर दिए और खल बंद कर दिए और कहीं कुछ और कर दिया। इस तरह से इस प्रांत की डिवैल्पमैंट नहीं होगी। अगर यही हालत रही तो अनाज नहीं मिलेगा जिसक सबूत आज मिल रहा हैं कि चने का भाव 105 रूपया कविंटल है और गंदम 110 रूपए मिल रही है। इस हालत में क्या खाएगा मजदूर और कर्मचारी जब पैदा करने वाले के पास ही अनाज नहीं है। जहां तक पानी देने की बात है हरियाणा मे पानी बहूत है यह मै जानता हूं और मैने पता किया है। पांच नदियां हमारे हरियाणा में

मारकंडा,टांगरी,घागरा बगैरा है जिनका पानी स्कीमें बना कर आप आबपाशी के काम ला सकते है। हर साल घग्गर आप के खनौरी के इलाके में तूफान मचाती है। आप अगर इस पानी को कंट्रोल करके किसानो को दें और पूरे जिला हिसार को पानी देदें तो में कहता हूं हरियाणा के अन्दर अन्न की कोई कमी नहीं रहेगी। तालीम के बारे मै जैसा की चौधरी साहिब ने भी कहा आज बस बी.ए. पास अगर उसके पास आटा भी है तो रेाटी बना कर खा नीं सकता बाकी बातें तो छोड़ों। इस लिए मै कहता हूं कि जब तक टैक्निकल तालीम नहीं दी जाएगी तब तक यह देश उंचा नहीं उठेगा तालीम के बारे में मै ज्यादा तो नहीं कहना चाहता लेकिन इन दिनों मे जो हालत हो रही जहे उस से लोग बहुत दूखी हैं जो सकूल जिछली सरकार ने अपग्रेड किएथे जो छः छः हजार वाली आबादी वाले गांव में थे जिनकी इमारते शानदार थी उन्हे कैंसल कर दिया हैं मेरे हल्का में तीन स्कूल अपग्रेड किए गए थे लेकिन तीनों कैंसल कर दिए है। यह है इन की डिवैलपमैंट जो यह कर रहे है। मेरे हलका में गंगा गांव काफी बड़ा कसा हैं। वहां मिउल से हाई स्कूल किया गया लेकिन इस सरकार ने आते ही पता नहीं इन्तकामी भावना से उसे कैंसल कर दिया और उसे मिडल ही रहने दिया और उसकी बजाए कहीं देहली के पास जा कर हाई स्कूल बना दिय। एक दो मिडल स्कूल ऐसे थे जाहं सब कुछ तैयार था और स्टाफ भी जाने को तैयार था लेकिन यह बाई–इलैक्शन का वह तूफान उठा ि कवह स्कूल भी कैंसल कर दिया। सरसा के इलाका में खास तौर पर बहूत कम स्कूल है।

वहां की तरफ सरकार को खास ध्यान देना चाहिए। मैं यह भी कहना चाहता हूं कि खाली हरफी तालीम से ही काम नहीं चलेंग, टैक्निक्ल तालीम की तरफ ध्यान दिया जाए।

पानी का महकमा हमारे एक नौजवान के पास है पढ़े लिखे आदमी है, कांग्रेस जानती हैं। लेकिन इस वक्त पानी के कंट्रोल और तकसीम का जो इन्तजाम है इससे किसान बहुत दूखी है। एक नाके के लिए चार चार चक्कर लगााने पड़ते है। सरकारी कर्मचारी जो है वह इस बात की और पूरा ध्यान नहीं देता और खस करके पटवारी तो किसान को उसी तरह से तंग करते है। जैसे टिड्डी और चूहे। वह तख्मीने की पैदावार को गलत दिखलाता है और सरकार को धोखे मे रखता हे। हरेक आदमी जानता है कि पिछले दो तीन सालों से खुश्कसाली चली आ रही है परन्तु पता नहीं कि पटवारी पुख्ता पेदावार कैसे दिखलाता है। जब पुख्ता पैदावार होगी तो मंडियों में अनाज समायेगा नहीं आज तो हालत यह है कि जो होशियार आदमी है वह पंजाब से या राजस्थान से ट्रक भर भर कर मंडियों में ला रहा है वरना हमारे हरियाण के अन्दर खुश्कसाली है और इसकी वजह से यहां अन्न की कमी हैं। अगर नहरी पानी किसान को मुहैया कर दिया जाए तो मै दावे से कहता हूं कि हरियाणा का किसान आज यहां जो भूख है उसको मिटा सकता है।

स्पीकर साहिब चौधरी रिजक राम जी ने जो भय प्रकट किया है कि हमारी सरकार की यह बातें कहीं दीवार की तस्ती बन

कर ही न रह जाएं इससे में इत्तफाक करता हूं क्योंकि दीवार की तस्वीर से किसी की भलाई नहीं हो सकती। हरिजनों के लिए पैसा देने की स्कीम की नींव सरदार प्रताप सिंह कैरो ने रखी थी। काफी पैसा वे दिया करते थे परन्तु घटते घटते वह काफी कम हो गया था। खैर इस साल में 70 लाख रूपया मिला है इस बजट में भी इसक जिक्र है। मै, स्पीकर सहिब सरकर से अर्ज करूंगा कि वह इस स्कीम को अमली जामा पहना कर कामयाब बनाएं जिससे कि हरिजन लोगो जो कि बैकवर्ड और सदियों से पिछड़े हुए गरीब लोग है उनको रोजगार मिले।

अन्त में मै, स्पीकर साहिब, आपका शुक्रिया अदा करते हुए, कयोंकि आपने मुझे अपने विचार रखने के लिए काफी समय दिया, इरीगेशन मिनिस्टर साहिब से अर्ज करना चाहता हूं कि वे किसान को बैटरमैंट टैक्स के बारे में तसल्ली दें आज हरियाणा का किसान बड़ा बचैन है। सरकार को चाहिए कि वह किसान को इस भार से बचाए ताकि हरियाणा का किसान हौसले से खेती करके हरियाणा की वर्तमान भूख को मिटा सके।

श्री बंसी लाल (तोशाम): स्पीकर साहिब, हमारे वित्त मंत्री जी ने जो बजट पेश किया है उससे मालूम होता है कि यह बजट जनसंघ पार्टी से प्रभावि होकर तैयार किया गया है। कहने को तो हमारी आज की सरकार देहातियों की सरकार है मगर जब इस के ऐक्शन देखे जाते है तो ऐसा महसूस होता है कि यह प्योश्रली जनसंघ की सरकार है। सरकार ने जो पांच एकड़ जमीन

पर लैंड रैवेन्यू माफ किया उससे पूरे हरियाणा के देहातियों को सिर्फ 14 लाख का फायदा होगा। लेकिन दूसरी तरफ जो टैक्सिज गरीब किसान के ऊपर लगाऐ गये है चार करोड़ रूपये से भी अधिक होंगे। वाटर रेट जो लगाया गया है उससे 212 लाख रूपया वसूल होगा और रजिस्ट्रशन वगैरहाजी इम्मूवेबल प्रोपर्टी की खरीदो फरोख्त पर बढ़ाया गया है प्राप्त होगी उससे सरकार को 25 लाख रूपये की आधिक आमदनी होगी। क्योंकि अधिकतर एग्रकल्चरल लैंड बेची जाती है, उसकी खरीदफरोक्त होती है इसलिए यह भी टैक्स किसान के ऊपर है। लैंड रैवेन्यू के 50 प्रतिशत सरचार्ज से 46 लाख रूपये को मिलेंगे और पैसेंजर टैक्स जो 25 प्रतिशत से 35 प्रतिशत किया गया है उससे 80 लाख रूपया अधिक वसूल होगा। तो इन सब टैक्सों को मिलाकर सरकार को 402 लाख रूपये अधिक वसूल होंगे। एक तरफ तो अध्यक्ष महोदय सरकार ने 14 लाख रूपये की राहत दी लेकिन दूसरी तरफ 402 लाख रूपये के टैक्स लगाए है। इससे साफ जाहिर है कि यह सराकर देहातियों की नहीं बल्कि जनसंघ की सरकार है। 25 लाख रूपया ट्यूबवैल्ज और 20 लाख रूपया लिंक और विलेज रोडज बनाने के लिए जो प्रोवाईड किया गया है उसका मैं स्वागत करता हूं। मगर मैं समझता हूं कि टयूबवैल्ज के लिए 25 लाख रूपया जो रखा गया है वह बहूत कम है। 25 लाख रूपये मे काम चलने वाला नहीं। अच्छा होता यदि वित्त मंत्री इस रूपये की बजाय एक करोड़ रूपया इस मद में रखते। मुझे आशा

है कि मेरी इस बात को ध्यान में रख कर सरकार इस प्रोवीजन को बदलेगी जिससे कि अधिक टयूबवैल्ज लग सकें।

वित्त मंत्री जी ने अपनी स्पीच में यह भी बताया कि एक करोड़ रूपया किसानों को उत्तम बीज और फर्टिलाइजर आदि खरीदने के लिए लोन देने के लिए रख है। यह बहूत अच्दी बात है। इस लोन में ट्रेक्टर खरीदने का लोन भी शामिल है। मगर यह लोन जिला परिषद् की मारफत दिया जाता है जो कि एक पोलिटिकल आर्गेनाइजेशन है। जो आदमी जिला परिषद् की मारफत दिया जाता है जो कि एक पोलिटिकल आर्गेनाइजेशन है। जो आदमी जिला परिषद् के चेयरमैन तक एप्रोच कर सकता है या जो उसकी पार्टी के आदमी होते है उन को कर्जा मिल जाता है लेकिन सही आदमी को नहीं मिल पाता। तो,स्पीकर साहिब, आप के जरिए मै वित्त मंत्री जी से प्रार्थना करूंगा कि यह रूप्या डिप्टी कमिश्नर या एस.डी.ओ. की मारफत कतसीम किया जाए ताकि ठीक ढंग से डिस्ट्रिब्यूशन हो सके। यह बात मै ट्रैक्टर खरीदने के लोन को बाबत कह रहा हूं।

इस के बाद वित्त मंत्री जी ने अपने भाषण में यह बतलाया कि सतलुज–ब्यास लिंक तैयार होने के बाद पानी आधिक मिल सकेगा और आज जो हरियाणा की कुल खेती करने वाली भूमि का 31 प्रतिशत हिस्सा से रौब होता है उसमें बढ़ौतरी होगी। मगर वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि जब अधिक पानी आएगा तो जिन इलाकों में पानी मिल रहा हे उन को और अधिक मिलेगा

और महेन्द्रगढ़ जिले को भी कुछ पानी मिलेगा। अच्छी बात है कि उसको पानी मिलना चाहिए। मगर जिस वक्त सरकार कोई स्कीम तैयार करती है उस वक्त भिवानी तहसील को हमेशा इगनोर किया जाता है। यह बात मेरी समझ में नहीं आई कि ऐसा क्यों होता है। इसलिए मै प्रार्थना करता हूं कि भिवानी तहसील को भी इस में शामिल किया जाए।

वित्त मंत्री जी ने यह भी बताया कि 10 लाख रूप्या गुड़गांव और रोहतक के किसानों की ट्रेनिंग के लिए खर्च किया जाएगा। मै समझ नहीं पाया कि यह रूप्या इन जिलों में ही क्यों खर्च होगा। क्या बाकी के जिले ऐसे है जहां ट्रेनिंग की जरूरत नहीं।

राज्स्व मन्त्रीः ये तो सैन्टर हैं।

श्री बंसी लालः यदि सैन्टर है तब तो ठीक है लेकिन वित्त मंत्री जी ने सिर्फ गुड़गांव और रोहतक ही कहा है और इस बात को साफ करके नहीं लिखा है कि वे सैन्टर होंगे और बाकी जिलों में भी ट्रेनिंग दी जाएगी। अगर कहते है कि सब जिलों में दी जाएगी तो मैं इसका स्वागत करता हूं।

वित्त मंत्री जी ने यह भी कहा है कि सरकार कुछ रिंगज खरीदना चाहती है जिससे ट्यूबवैल्ज लगाने के लिए यह देखा जा सके कि पानी अच्छा है यह बुरा है। तो, स्पीकर साहिब आपके जरिए मै प्रार्थना करूंगा कि ये रिंगज जितना जल्दी हो

सकें उतना जल्दी खरीदे जाएं ताकि आबपाशी का पूरी स्टेट को फायदा हो सके।

माइनर इरीगेशन के लिए चार करोड़ रूपया करनाल और गुड़गांव के लोगों को कर्जा देने के लिए रखा गया है। यहां भी, अध्यक्ष महोदय, मुझे हैरानी है कि बाकी जिले क्यों छोड़ दिए गए, जैसे हिसार है, महेन्द्रगढ है और जींद हैं । मै समझता हूं कि यह कर्जा हर जिले को आबादी के लिहाज से हिस्सा के हिसाब से, जरूरत के हिसाब से देने की तजवीज करनी चाहिए।

हमारे वित्त मंत्री ने ऐजुकेशनल फैसिलिटीज प्रोवाइड करने का जिक्र किया। यह ठीक है मगर स्पीकर साहिब मै यह समझता हूं कि जब तक आज के ऐजूकेशन मंत्री रहेंगे उनके होते हए यह फैसिलिटीज नहीं मिल सकती। उन्होने अभी तक जो स्कूलो की अपग्रेडिंग की है वह पोलिटिकल कन्सिड्रेशन पर की है। मिनिस्टर साहिब यहां मौजूद नहीं है, इसलिए मै चांद राम जी से कहूंगा कि वह उन्हे बतला दें जो कुछ मै कह रहा हूं। हालूवास एक गांव भिवानी तहसील में है। इस के दो हिस्से है एक तो भिवानी चुनाव क्षेत्र में है जिसको श्री प्रभाकर जी रिप्रजेंट करते है और दूसरा तोशाम है जिसे मै रिप्रैजेंट करता हूं। हालूबास मे जिस हिस्से को मैं रिप्रजेंट करता हूं वहां पर मिडिल स्कूल की बिल्डिंग तैयार है। लड़को की तादाद भी अच्छी है। 20 बीघे जमीन भी गांव के लोगों ने छोड़ दी है, खेलने का मैदान भी वहां पर इस तरह से काफी बड़ा है और बहूत अच्दा है। दूसरी तरफ

भिवानी क्षेत्र में जो हिस्सा है वहां पर इमारत भी नहीं है, लड़को की जयादा वहां पर तादाद नहीं है न ही खेल कूद के लिए कोई मैदान है। लेकिन जो फैक्ट है वह मै आप के जरिए हाउस में रखना चाहता हूं कि मैने दरखास्त की थी कि मेरे हलके के स्कूल को अपग्रेड कर दिया जाए। मेरी दरक्षस्त मान भी ली गई थी लेकिन जब पोलिटिकल प्रैशर पड़ा तो अपग्रेडिंग उन्होनें भिवानी क्षेत्र के इलाके में जो स्कूल था इसकी कर दी और हमारा स्कूल वैसे का वैसे ही रह गयां हैरानगी की बात है कि जाहं न तो इमारत है न जमीन खेल कूद के लिए और न तादाद ही काफी वहां पर तो स्कूल अपग्रेड किया जाता है चाहे बेशक लड़के बाद में सर्दीगर्मी और बारिश के कोप के भाजन बनते रहेंगे, मगर जहां पूरी सहूलियत है वहां पर सिर्फ इसलिए कि पालिटिकल कन्सिड्रेशन है स्कूल मंजूर किया हुआ भी अपग्रेउ नहीं किया गया। इसलिए मै खुले रूप से यह कहना चाहता हूं कि मौजूदा मिनिसटर के हाते हुए हम यह तरक्की नहीं कर सकते कि जो जैन साहिब ने ऐजुकेशनल फैसिलिटीज की बात बजट में कही है वह न्याय पूर्वक पूरी हो सके।

चीफ पार्लियामेंटरी सैक्रेटरीः आप ने बांकोड़ा गांव की बात नहीं कही।

श्री बंसी लालः मै ने उसके लिए भी दरखास्त की थी और लिखा था कि वहां पर भी आपग्रेड हो मगर बात नहीं सुनी गई। वित्त मंत्री जी ने अपनी बजट सपीच में यह बात भी कही है

आपशन दे दी है। यह बड़ी अजीब बात है। हरियाणा में अगर इस तरह की आपशन की बात हिन्दी में नोटिंग करने के लिए कही जाती है, तो बड़े ताज्जुब की बात है। हां अगर इंगलिश स्पीकिंग वहां पर हिन्दी में आपशन की बात कहना शोभा नहीं देतां मै समझता हूं कि सराकरा अपनी पालिसी को रिवाईज करेगी और डपर के लैवल नीचे के लैवल तक सारा काम हिंदी में हो ऐसा हिदायत दे दी जाएगी।

आयुर्वेदिक डिस्पैंसरीज की बात वित्त मंत्री जी ने कही। मगर मैं यह कहना चाहता हू कि यह डिस्पैंसरीज मैरिट के हिसाब से खोली जानी चाहिएं।

ट्रांस्पोर्ट के द्वारा जो लाभ पिछले वर्ष हुआ है जैसा कि बजट स्पीच में दर्ज है कि नवम्बर 1966 से मार्च 1967 तक प्रति मास लाभ 4.49 लाख की औसत आमदनी हूई और अप्रैल, 67 में यह लाभ 8.6 लाख रूपए हो गया तथा मई 1967 में यही लाभ बढ़ कर 12 लाख हो गया। यह बड़ी खुशी की बात है, मगर यह और भी अच्छा होता कि वित्त मंत्री साथ के साथ यह भी ऐलान करते कि सारी बसों को राष्ट्रीयकरण कर दिया जाएगा। अगर वह ऐसा कर दे ंतो गरीब आदमियों को टैक्स से रिलीफ दिया जा सकता है। निवेद करता हूं कि इस पर हमारी सरकार गौर करें।

ड्रिंकिग वाटर सप्लाई के लिए 66 लाख रूपया रख जाना मैं समझता हूं कि बहूत ही कम है। भिवानी तहसील में, और

महेन्द्रगढ जिले में ऐसे भी गांव है जहां पर पानी 10, 10 मील से आता है। ताज्जुब होता है कि आज भी 20 साल हो गए लेकिन पानी का प्रबन्ध नहीं किया गया। भिवानी तहसील के लिए तीन स्कीमों का काम सम्पूर्ण नहीं हुआ। मै सरकार से निवेदन करता हूं कि सरकार इस तरफ ध्यान दे और पानी की स्कीमों को पूरा करने के लिए 66 लाख से बढ़ कर ज्यादा रकम कर दें।

इसी तरह जब फैमिन रिलीफ का हैउ देखते है तो पता चलता है कि इस के लिए सिर्फ बीस लाख रूपया रखा गया है। पिछले साल भी भिवानी तहसील में अकाल पड़ा था और खर्च 30—40 लाख रूपया हुआ था। मगर आज भिवानी तहसील में कहत है, महेन्द्रगढ़ जिले में कहत है। यह बीस लाख रूप्या ना के बराबर है। इसकी राशि कम से कम दो करोड़ होनी चाहिए। आज भी भिवानी के लोगों की ऐसी हालत है कि मुश्किल से स बार खाना मिलता है। वह सरकार की तरफ देख रहे हे कि सरकार उनक ` लिए कुछ करेगी और उन्हें कुछ रोजी मिलेगी लेकिन अभी तक न तो सड़को का बनाना शुरू हुआ और न कुंडो वगैरह की कार्यवाही शुरू हुई जैसी कि कहत के दिनो में हाती हैं। मै समझता हूं कि सरकार की यह गफलत है जिसको कि जल्दी से जल्दी दूर किया जाना चाहिए। राशन की दुकानों पर राशन भी नहीं मिलता है।

Mr. Speaker: Wind up please.

श्री बंसी लालः बस जी मै खत्म ही करा हूं। महेन्द्रगढ़ डिस्ट्रिक्ट में जाने वाले एम्पलाईज को 10 परसेंट अधिक अलाडंस दिया जाता है बनिस्बत और जगहों के इसका कारण यह है कि वह बैकवर्ड इलाका है मगर भिवानी तहसील में जाने वाले मुलाजिमों को कोई अलांउस नहीं दिया जाता जब कि वह उससे भी पिछड़ा हुआ इलाका हैं। उन्हे भी अलाउंस दिया जाना चाहिए।

अन्त में मै वित्त जी से और चीफ मिनिस्टर साहिब से प्रार्थना करूंगा कि गरीब किसानों पर जो टैक्स लगाए है, उन टैक्स प्रोपोजल्ज को सरकार रिवाईज करे और ट्रांसपोर्ट को नैशनेलाइज करके खर्च को पूरा करे ताकि गरीब लोगों को भार से मुक्ति मिले। आपका बहूत धन्यवाद।

Mr. Speaker: The House stands adjourned till 9 A.M. tomorrow (The Sabha then adjourned till 9 A.M. on Wednesday, the 14th June, 1967)

APPENDIX

To

HARYANA VIDHAN SAHA DEBATES, VOL.1 NO. 15
DATED 13TH JUNE 1967

Tenants ejected in the State

***269. Shri Ram Parkash:** Will the Minister for Revenue be pleased to state the total number of tenants ejected in the State, tehsil-wise, during the period from 1st January, 1966 to date together with the number of those who have been allotted land in lieu thereof?

Shri Chand Ram: A statement is laid on the Table of the House.

Statement showing the total number of tenants ejected tehsil-wise during the period 1-1-66 to date.

S. No.	Name of District	Name of Tehsil	No. of tenants ejected	No. of tenants who have been allotted land
1	Hissar	Sirsa	391	352

		Fatehabad	308	308
		Hissar	143	139
		Hansi	89	83
		Bhiwani	51	43
		Total	982	925
2	Rohtak	Rohtak	125	46
		Sonepat	115	31
		Jhajjar	178	69
		Gohana	73	24
		Total	491	170
3	Karnal	Karnal	119	119
		Kaithal	77	77
		Panipat	136	133
		Thanesar	92	90
		Total	424	419
4	Ambala	Ambala	116	116
		Jagadhri	118	118
		Naraingarh	40	40
		Total	274	274

5	Gurgaon	Gurgaon Rewari Nuh Feroepore Jhirka Palwal Ballabgarh Total	92 51 120 68 208 36 575	25 41 64 5 72 11 218
6	Mohindergarh	Karnal Mohindergarh Dadri Total	8 18 7 33	1 9 6 16
7	Jind	Jind Narwana Total **Grand Total**	 **2,779**	 **2,022**